nt>

Title: Need to open post offices in the radius of one kilometre in Erandol Parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री अन्नासाहिब एम.के. पाटील (इरन्दोल) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के लोने-बोने तहसील पारोला, जिला-जलगांव के अंतर्गत १ किलोमीटर के भीत ३ बड़े-बड़े गांव है, जिनकी आबादी लगभग ५-६ हजार के आसपास है। इन गांवों के आसपास कोई पोस्ट आफिस न होने से इन गावों के लोगों को डाक सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि सरकार द्वारा ३००० की आबादी पर पोस्ट आफिस खोलने का प्रावधान है। ये गांव १ किलोमीटर के अंदर हैं। इसी प्रकार मेरे संसदीय क्षेत्र में ऐसे गांवों की संख्या लगभग २५-२६ है, जिन्हें अभी पोस्ट आफिस की सुविधा उपलब्ध होनी है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी गांव १ किलोमीटर के अंदर हों, उनमें पोस्ट आफिस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।